### एक नजर में

## कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिकों को किया याद

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, द्वारा भूतपूर्व सैनिक दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ने बीर नारियों एवं उनके परिवारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों के देश के प्रति योगदान को याद करना और उनके परिवारों के प्रति आभार व्यक्त करना था।**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक उनके परिवारजन, जिला प्रशासन के अधिकारी, गणमान्य नागरिक, स्थानीय निवासी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। इस दौरान वीर सैनिकों के परिजनों को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल राजेश कुमार सिंह ने जिलाधिकारी विवेक श्रोत्रिय की तरफसे अपने संबोधन में कहा भूतपूर्व सैनिकों का देश के प्रति योगदान अविस्मरणीय है। उनके परिवारों का सहयोग एवं उनकी वीरता पर हमें गर्व है। यह दिवस उन सभी वीर सैनिकों को समर्पित है जिन्होंने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व अर्पण किया।

# टोरिया में रात 12 बजे तक रुके कलेक्टर, लगाई जन-चौपाल

**8 बजे से 10 बजे तक सुनीं लोगों की समस्याएं**

**शिकायत पर सही जवाब न देने वाले अधिकारियों से हुए नाराज**



**नवभारत न्यूज ,टीकमगढ़। जनता की समस्या सुनने स्वयं जिले का महकमा अगर उनके द्वार पहुंचे तो इससे अच्छा क्या होगा। इससे लोगों को लाभ मिलेगा और उनकी शिकायतों का मौके पर निराकरण भी होगा। ऐसा ही दृश्य मुख्यालय से 67 किलोमीटर दूर स्थित जंगल के बीचों-बीच स्थित टोरिया गांव में देखने को मिला। जहां जिले के मुखिया कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने रात्रिकालीन जन-चौपाल का आयोजन कर लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही उनका निराकरण करा डाला।**

दरअसल पलेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम टोरिया में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बुधवार की रात्रि में जन चौपाल आयोजित की। इस चौपाल में वह तकरीबन 7.45 मिनिट पर पहुंचे जहां उन्होंने जनता दरबार लगाकर 8 बजे से समस्याएं सुनना शुरू कर दिया। समस्याएं सुनने के पहले वह थोड़ा नाराज से दिखे, यह नाराजगी इसलिए थी कि क्योंकि उन्होंने कहा था कि जन-चौपाल की व्यवस्था सामान्य होनी चाहिए, लेकिन यहां तामझाम देख वह खुद को नहीं रोक पाए और कहा कि ऐसा करने के लिए किसने कहा था। मैं भी आपके बीच का हूं आपका सेवक हूं मुझे तो जमीन पर बैठकर काम करना अच्छा लगता है।

इतना कहने के बाद कलेक्टर ने सुनवाई शुरू की। इस दौरान सबसे ज्यादा समस्या प्रधानमंत्री आवास को लेकर सामने आई। कई हितग्राही अपना आवेदन लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के सामने पहुंचे जहां उन्होंने कलेक्टर से प्रधानमंत्री आवास दिलाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने हाल ही अपने अधिनस्थों को निर्देश देकर सारे आवेदन इकट्ठा कराए और तत्काल सर्वे कराने के निर्देश जारी किए। इसके साथ ही वृद्धा पेंशन, निराश्रित पेंशन की भी शिकायतें सामने आई उन्हें ही तत्काल निराकरण कराने के कलेक्टर ने आदेश जारी किए।

इतना ही नहीं राजस्व से जुड़े मामलों की भी 34 शिकायतें सामने आई। जिनमें अधिक शिकायतें नामांतरण से संबंधित थी, जिनमें से कुल 15 शिकायतों का मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारियों ने निराकरण किया। बताया गया कि 15 लोगों का नामांतरण कराया गया।

इसके बाद कई लोग ग्राम पंचायत में खराब पड़ी सड़कों एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की समस्या को लेकर कलेक्टर के सामने पहुंच गए, जिस पर उन्होंने कहा कि यह शासन स्तर का काम है। आप इसके लिए विधायक एवं सांसद जी से मिलकर चर्चा करें।

कलेक्टर के जनसुनवाई में ग्राम पंचायत के सैकड़ों मौजूद थे। कई युवा उनके साथ तस्वीर निकलवाने के लिए लाईन में लगे दिखाई दिए। यह सुनवाई 8 से 10 बजे रात तक चली। इसके बाद कलेक्टर ने आम लोगों के साथ अलाव तापते हुए उनसे ग्रामीण समस्याएं पर भी चर्चा की। चर्चा के बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय अपने प्रशासनिक अमले के साथ ग्राम पंचायत पहुंचे। जहां उन्होंने निरीक्षण किया। इसके बाद रात्रि का भोजन भी ग्राम पंचायत में ही किया। यहां कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने 12 बजे तक समय गुजारा और अंत में कहा कि निश्चित ही रात्रिकालीन जनचौपाल सफल है अब हम ऐसा अक्सर करेंगे।


### भटा का भर्ता, कड़ी, बरा सहित बुन्देली व्यंजनों का चखा स्वाद

जन-चौपाल समाप्त होने के बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, एसडीएम संजय दुबे, तहसीलदार कुलदीप सिंह, नायब तहसीलदार श्रीपत अहिरवार, जनपद सीईओ, सांसद प्रतिनिधि सुनील खटीक, सरपंच गीता-बृजेश अहिरवार सहित अन्य ने वहां बुन्देली व्यंजनों को पाकर उसका लुत्फ उठाया। बुन्देली व्यंजनों में परोसे गए भटे का भर्ता, कड़ी, बरा सहित देशी ग्रामीण इलाकों के सन्नाटे को थाली में परोसा गया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने इसे चख कर कहा वास्तव में ऐसा स्वादिष्ट भोजन रोजाना मिलना बेहद मुश्किल होता है। ग्रामीण परिवेश के इस भोजन को पाकर मेरा मन बेहद अच्छा है। आज तो क्षमता से अधिक भोजन प्राप्त कर लिया।

### पति ने छोड़ा, महिला बच्चों को लेकर कलेक्टर के पास पहुंची

टोरिया गांव की रहने वाली शिमला अहिरवार कलेक्टर की जन-चौपाल में पहुंची। जहां उसने अपनी आपबीती रोते हुए सुनाई, तो कलेक्टर ने उसके आंसू पूंछे और कहा कि आराम से समस्या बताओ। शिमला ने बताया कि उसके पति ने उसे छोड़ दिया है। बच्चों की भरण-पोषण की समस्या आ रही है। इसे सुन कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी प्रदीप मिश्रा को बुलाया और उसकी शिकायत के निराकरण की बात कही। प्रदीप मिश्रा ने कलेक्टर को नियम समझाना शुरू कर दिया, जिस पर वह नाराज हो गए और उन्होंने प्रदीप मिश्रा को फटकार लगाते हुए कहा कि पीड़ित महिला की मदद करो इससे विकट परिस्थिति क्या होगी और कलेक्टर ने प्रदीप मिश्रा से मामले को निपटारे की नियमावली मांग ली। इस दृश्य को देख लोग अचंभित रह गए। ग्रामीणों ने कहा कि जिले में ऐसे ही कलेक्टर होना चाहिए।

## शासकीय कर्मचारी का अटैक से निधन



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्ट्रेट दफ्तर में संचालित जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग में स्टेनो प्रदीप चतुर्वेदी का शव जिला पंचायत कार्यालय के टॉयलेट में पड़ा मिला है। बुधवार रात कलेक्ट्रेट की ओर घूमने के लिए निकले थे। रात करीब 8.30 बजे से वह लापता थे। गुरूवार की सुबह उनका शव जिला पंचायत कार्यालय के टॉयलेट में मिला है। लोग इसे कोल्ड अटैक या हार्ट अटैक आने से मौत होना बता रहे है।**

रात में जब घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनकी खोजबीन की, लेकिन जब कहीं पता नहीं चला तो कोतवाली और देहात थाने में शिकायत दर्ज कर दी थी। गुरूवार की सुबह से पुलिस के साथ परिजन कलेक्ट्रेट परिसर सहित आसपास के क्षेत्र में उनकी तलाश में जुटे थे। इसी दौरान जिला पंचायत कार्यालय के टॉयलेट में उनका शव मिला। शुरुआती जांच में ऐसा लग रहा है कि वह टॉयलेट करने गए थे। इसी दौरान कोल्ड अटैक या हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव मौके पर पहुंचे। पंचनामा की कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। प्रदीप चतुर्वेदी के छोटे भाई मनोज चतुर्वेदी ने बताया कि वह हर दिन रात में घूमने के लिए कलेक्ट्रेट और रेलवे स्टेशन की ओर जाते थे। बुधवार रात करीब 7 बजे वे घर से घूमने के लिए निकले थे। इसके बाद रात में घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने उनकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। कलेक्ट्रेट के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच करने पर रात 8.30 बजे उनका वीडियो भी दिखाई दिया। जिसमें वे जाते हुए दिखाई दिए। इसके बाद उनका कहीं पता नहीं चला। गुरूवार की सुबह से परिजन और पुलिस उनकी तलाश में जुटे थी।

## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से 7 वर्षीय मासूम ने तोड़ा दम, दो घायल



**नवभारत न्यूज, जतारा। तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार 7 साल की मासूम के दो टुकड़े हो गए। वहीं एक महिला और युवक के पैर कट गए। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद डंपर छोड़कर चालक फरार हो गया। घटना के अनुसार बीते दिन को वह अपने पिता के इलाज के लिए बाहर गया था। पुलिस वाहन चालक की तलाश कर रही है।**

दरअसल जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के अनुसार जतारा थाना क्षेत्र के टानगा गांव निवासी किसना कुशवाहा बुधवार दोपहर बाइक से लिधौरा ताल से टानगा जा रहे थे। उनके साथ बाइक पर गांव की वर्षीय चमेली पत्नी दिनेश पाल, 7 साल की काव्या पाल और 5 साल का बालक बैठा था। महिला का पति किसान है। बुधवार को वह अपने पिता के इलाज के लिए कहीं बाहर गया था।

इसलिए महिला ससुराल लिधौरा ताल से मायके टानगा परिचित के साथ मायके जाने के लिए निकली थी। बाइक चालक उसके गांव का परिचित है। दोपहर करीब 4 बजे जतारा बायपास रोड पर एक तेज रफ्तार डंपर ने सामने से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में 7 साल की काव्या का शरीर दो टुकड़ों में बंट गया। वहीं चमेली बाई के दोनों पैर कट गए। वहीं बाइक चला रहे किसना के पैर में भी चोट आई है। वहीं टक्कर के बाद दूर गिरने से 5 साल के बालक को मामूली चोट आई है। घटना की जानकारी लगते ही जतारा थाना पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची।

## सेंपल के लिए दिया जा रहा प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अनिल लगरखा के मार्गदर्शन में माडूमर में ग्राम की 5 महिलाओं को एफ टीके का प्रशिक्षण देकर पेयजल सप्लाई के सेंपल लिये गये।**

इन सैंपलों का पीएच टेस्ट, फ्लोराइड टेस्ट, क्लोराइड टेस्ट, जल की कठोरता सम्बन्धी टेस्ट कराये गये, जिनके परिणाम स्वीकार मानक अंतर्गत प्राप्त हुये। दौरान लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग से राकेश मिश्रा, शुभम गुप्ता मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में एक की मौत, हत्या की आशंका

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सागर मार्ग पर स्थित सुकवाहा गांव में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जाहिर की है। हालाकि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पीएम कराकर शव परिजनों को सौपते हुए विवेचना शुरू कर दी है।**



दरअसल सुकवाहा गांव निवासी मृतक सुरेश कुशवाहा पिता चतरा कुशवाहा के परिजनों ने बताया कि गांव के ही रहने वाले राघवेन्द्र राजा के रिश्तेदार ने बुधवार की दोपहर सुरेश कुशवाहा के साथ मारपीट की थी इसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया उपचार के उपरांत घर पहुंचने के बाद बुधवार की देर रात उसकी मौत हो गई । परिजनों का आरोप है कि मारपीट में किसी ठोस बस्तु का उपयोग होने से उसकी मौत हुई है।

## अधिकारी पहुंचे वेयर हाउस का निरीक्षण करने

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपीएटी मशीनों के लिये बनाये गये वेयर हाउस का प्रतिमाह निरीक्षण किया जाता है। इसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपीएटी मशीनों के लिये कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया।**

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, तहसीलदार सतेन्द्र सिंह गुर्जर, वेयर प्रभारी एपीसी सुभाष मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक गंभीर अपराध में पुलिस ने की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज जतारा। बालिकाओं एवं महिलाओं के विरुद्ध घटित होने वाले गंभीर अपराधों पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे प्रकरणों में अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर वैधानिक कार्यवाही की जाए। जिसके तहत जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रो से कई आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस द्वारा की जा चुकी है।**




जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना बम्होरीकलां पुलिस द्वारा गंभीर अपराध के एक प्रकरण में प्रभावी एवं सराहनीय कार्यवाही की गई है। थाना बम्होरीकला के अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण में अपहर्ता की तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा अंतर्राज्यीय स्तर पर सघन प्रयास किए गए। अपहर्ता को राजगढ़ मप्र, नोएडा उप्र होते हुए धनकोर, जिला गौतमबुद्ध नगर उप्र से दस्तयाब किया गया। धीरे उर्फ धीरेंद्र, पिता रमेश नायक, उम्र 28 वर्ष, निवासी अलाउदा जागीर, बिलासपुर, गौतमबुद्ध नगर, थाना ककोड़, जिला बुलंदशहर उप्र को संदीप, पिता शिवदयाल रैकवार, उम्र 23 वर्ष तथा, अंकित, पिता शिवचरन प्रजापति, उम्र 28 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम नुना, थाना चंदेरा को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बम्होरीकला नीतू खटीक, हरिशंकर सिंह, मनोज मिश्रा, अब्बास अली, धर्मेन्द्र नायक, आरक्षक जयकान्त प्रजापति, सीताराम, हरगोविन्द, हेमन्त, मनोज सविता के नाम शामिल है।

# पंचायत सचिव ने मारपीट करने के लगाए आरोप

**मोहनगढ़ थाना पुलिस कर रही घटनाक्रम की जांच**

**सचिव का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार**



**नवभारत न्यूज, मोहगनढ़। मोहनगढ़ थाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत सचिव जयराम सेन से मारपीट का मामला सामने आया है। बीते दिन शाम करीब 5 बजे जयराम सेन मोहनगढ़ से अपने गांव दिगौड़ा जा रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोककर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

दरअसल जयराम सेन ने आरोप लगाया कि 2 जनवरी को पंचायत में हुए उपचुनाव के चलते उन पर हमला किया गया। उन्होंने भाजपा नेता अंशुल खटीक और कुछ अन्य लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि जयराम सेन ने मोहनगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। घटना के समय कांटी गांव के पास चार अज्ञात लोगों ने उन्हें रोका। हमलावरों ने चेहरे कपड़े से ढके थे और उन्होंने जयराम सेन की बाइक की चाबी छीन ली। विरोध करने पर दो लोगों ने उनके पैरों पर लाठी से हमला किया और अन्य दो ने हाथों और उंगलियों पर चोट पहुंचाई। पीड़ित के चिल्लाने पर रास्ते से गुजर रहे ग्रामीण परमलाल केवट रुक गए और मोहनगढ़ सरपंच अखिलेश केवट को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। एसडीओपी ने बताया कि डॉक्टरी रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की जांच जारी है। पुलिस ने कथन दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

### छवि खराब करने लगाए जा रहे आरोप

इस मामले में अंशुल खटीक का कहना है कि इस घटना क्रम से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मोहनगढ़ के नेता मेरे खिलाफ साजिश कर रहे है। उन्होनें बताया कि घटना के समय वह स्थानीय पूर्व विधायक के साथ लुहरगुवां में किसी कार्यक्रम में मौजूद थे इस मामले में उन्होनें निष्पक्ष रूप से जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होनें कहा कि मेरी छवि खराब करने के लिए इस तरह के आरोप उन पर लगाए जा रहे है।

**पर्व** — **शिवधाम कुण्डेश्वर पहुंचे मकर संक्रांति पर हजारों श्रद्धालु**

# हजारों श्रद्धालुओं ने जमड़ार नदी में लगाई आस्था की डुबकी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रसिद्ध शिव धाम कुंडेश्वर में गुरुवार को मकर संक्रांति के अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों भक्तों ने शुभ मुहूर्त में जमडार नदी में स्नान कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना की। इस दौरान गरीबों को खिचड़ी का दान भी किया गया।**



भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। यातायात थाना प्रभारी कैलाश पटेल ने बताया कि कुंडेश्वर में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। टीकमगढ़-ललितपुर मार्ग के लिए वैकल्पिक रास्ते निर्धारित किए गए हैं।टीकमगढ़ से ललितपुर जाने वाले वाहनों को गऊघाट से बानपुर होकर भेजा जा रहा है। वहीं, ललितपुर से आने वाले वाहनों के लिए खिरिया से टीकमगढ़ बाबरी तिगैला होते हुए सागर रोड का मार्ग तय किया गया है। कुंडेश्वर मंदिर ट्रस्ट और जिला प्रशासन ने तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया है। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और एक अस्थाई पुलिस चौकी भी स्थापित की गई है।मेला परिसर में खोया-पाया केंद्र की व्यवस्था की गई है। नदी के घाटों पर होमगार्ड जवानों को तैनात किया गया है। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें भी लगाई गई हैं, जहां श्रद्धालु खरीदारी कर सकते हैं।मंदिर परिसर में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई हैं। टीकमगढ़-कुंडेश्वर मार्ग पर जगह-जगह लोग श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद बांट रहे हैं। दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं।प्रशासन के अनुसार, शिवधाम कुंडेश्वर में लगभग 25 से 30 हजार भक्तों के पहुंचने की संभावना है। दोपहर 2.30 बजे तक 15 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। प्रसिद्ध शिव धाम कुंडेश्वर में मकर संक्रांति के अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों भक्तों ने शुभ मुहूर्त में जमडार नदी में स्नान कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

### मंदिर परिसर में रहे सुरक्षा के इंतजाम

कुंडेश्वर मंदिर ट्रस्ट और जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए थे। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे और खोया-पाया केंद्र की स्थापना की गई थी। नदी घाट पर होमगार्ड जवानों की तैनाती रही। मेला स्थल पर पुलिस की अस्थाई चौकी के जवान यहां आने जाने वाले श्रद्धालुओं पर अपनी नजर बनाए रहे।

## विभागीय पोर्टल पर दिखेगी प्रक्रिया

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र सुनौरा खिरिया में 5 रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जाएगी।**

प्रक्रिया अंतर्गत प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क 5000 रूपये होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रव्याजी प्रीमियम की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम अनुसार किया जाएगा।

## गायत्री परिवार ने नशामुक्ति का दिया संदेश



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जेल अधीक्षक यजुवेन्द्र वाघमारे के निर्देशन में जिला जेल में निरुद्ध बन्दियों में नैतिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए केंद्रित कार्यक्रम वी क्लब के सौजन्य से गायत्री परिवार के द्वारा किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से गायत्री मंत्र जाप, युग निर्माण योजना सामाजिक सुधार, विचार क्रांति अभियान, नशा मुक्ति, योग और प्रज्ञा योग जैसे विभिन्न आध्यात्मिक व सामाजिक कार्य शामिल रहे। इनका लक्ष्य एक संस्कारित और सशक्त समाज का निर्माण करना है, जो मानवता और वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांतों पर आधारित हो।

कार्यक्रम में महेश बादल, राजेन्द्र परमार, सर्वेश पाण्डेय, वी क्लब से रजनी रावत, शशी शुक्ला, पूनम परमार, सविता पटेरिया की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम में सहभागिता रही। शांतिकुंज देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से आई निमानी शिद्धु, दिव्यांशी शर्मा द्वारा कार्यक्रम संचालन, प्रेरक गीत और योग क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया।